कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवंसंस्थान,
(साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल)

e- mail: principal@klsgaci.nic.in
Office Phone: 0755-2970310
Website: http://klsgaci.edu.in
Hospital Phone: 0755-2970319

क्रमांक/छात्रकक्ष/2023/1269 भोपाल, दिनांक 18/05/2023

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल में संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम **डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद)** सत्र 2022–23 में **''प्रथम आओ प्रथम पाओ''** के आधार पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	उपलब्ध सीट	प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता
01	डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद)	02 वर्ष	50	10+2 (भौतिकी, रसायन एव जीव विज्ञान) अथवा समकक्ष

<u>निर्देशः–</u>

1. आवेदक अपने आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक संलग्नकों के साथ **दिनांक 30 मई 2023 तक ''कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, साइस हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, भोपाल'' पिन कोड नंबर 462003** में डाक से या स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।
2. लिफाफे के ऊपर पाठ्यक्रम का नाम **लाल स्याही** से अंकित करें।
3. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
4. **<u>आयु सीमा –</u>** किसी भी पैरामेडिकल पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु आवेदक की आयु प्रवेश हेतु विज्ञापन की तिथि को 17 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नही होगी।
5. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारो को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
6. **<u>प्रवीण्य सूचीः–</u>** प्राप्त आवेदन संवीक्षा के उपरांत, न्यूनतम अर्हकारी परीक्षा अर्थात् भौतिक, रसायन ओर **जीवविज्ञान मे हायर सेकेंण्डरी** (10+ 2) परीक्षा मे अर्जित अंको के अनुसार एक मेरिट सूची तैयार की जायेगी। संस्थान मे प्रवेश इसी मेरिट सूची के आधार पर दिया जाएगा।

परंतु पाठयक्रम के लिए विहित न्यूनतम अर्हता के आधार पर तैयार मेरिट सूची मे अंको की समानता की दशा मेः–

(क) म.प्र. के मूल निवासी एवं क्रमशः स्थानीय जिले के उम्मीदवारो को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ख) म.प्र. के मूल निवासी से भिन्न उम्मीदवारो को **हायर सेकेण्डरी (10+ 2)** परीक्षा मे अर्जित अंको के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

7. **न्यूनतम अर्हकारी अंकः**–उक्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा मे सामान्य वर्ग के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक तथा आरक्षित वर्ग के लिए 33 प्रतिशत अंक निर्धारित है।
8. डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम के लिये निर्धारित फीस प्रथम वर्ष हेतु राशि रू. 56,722/–(रू. 5,000/– **कांशनमनी सहित**) एवं द्वितीय वर्ष में राशि रूपये 51,722/– देय होगी।
9. आवेदन पत्र के साथ अनारक्षित वर्ग के लिये रूपये 200/– तथा आरक्षित वर्ग के लिये रूपये 100/– का बैंक ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य है, जो कि **"प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल"** के नाम से देय होगा।
10. प्रदेश के बाहर हेतु निर्धारित सीटो पर उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर प्रदेश के उम्मीदवारो से सीटे भरी जावेगी। इसी प्रकार आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध ना होने या नियमानुसार अन्य संवर्ग के उम्मीदवारो से सीटें भरी जावेगीं।

काउंसलिंग शेड्यूल :–

डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) : "प्रथम आओ प्रथम पाओ" (दिनांक 30.05.2023 तक)

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner